झारखण्ड सरकार
झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

Website : http://jceceb.jharkhand.gov.in
e-mail id: jceceboard@gmail.com
Phone no.: 9264473893

विज्ञापन संख्या : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰/01/26 –122 राँची/दिनांक: 05/11/2026

बी0एड0/एम0एड0/बी0पी0एड0 पाठ्यक्रमों (B.Ed./M.Ed/B.P.Ed. Course) के शैक्षणिक सत्र 2026–28 में नामांकन की अनुशंसा हेतु अंतिम चक्र ऑनलाईन साक्षात्कार से संबंधित महत्वपूर्ण सूचना

बी0एड0/एम0एड0/बी0पी0एड0 पाठ्यक्रमों के शैक्षणिक सत्र 2026–28 में नामांकन हेतु प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ एवं विशेष चक्र ऑनलाईन साक्षात्कारों से अनुशंसित अभ्यर्थियों के संबंधित बी0एड0 संस्थानों में नामांकनोपरान्त रिक्त बचे सीटों पर नामांकन हेतु अंतिम चक्र ऑनलाईन साक्षात्कार दिनांक–10.11.2026 से आयोजित की जा रही है।

2. बी0एड0/एम0एड0/बी0पी0एड0 पाठ्यक्रमों के राज्य मेधा सूची में शामिल वैसे सभी अभ्यर्थी इस साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं जो प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ एवं विशेष चक्र साक्षात्कार में शामिल नहीं हुए या जिन्हें उक्त साक्षात्कार में सीट आवंटन नहीं हुआ या सीट आवंटन होने के उपरान्त भी नामांकन नहीं ले सके है।

3. वैसे अभ्यर्थी जो पूर्व के साक्षात्कारों से नामांकित हैं तथा रिक्त बचे सीटों पर संस्थान परिवर्त्तन चाहते हैं, तो वे भी इस साक्षात्कार में शामिल हो सकते हैं। यदि अंतिम चक्र ऑनलाईन साक्षात्कार में उन्हें सीट पुनर्आवंटित होता है तो उन्हें नये आवंटित संस्थान में नामांकन लेना अनिवार्य होगा क्योंकि उनके पूर्व का नामांकन स्वतः रद्द हो जायेगा।

Time-Schedule for Last Round Online Counselling for B.Ed./M.Ed/B.P.Ed.– 2026

Sl. No.	Activity	Date
1.	Display of Seat Matrix	10.11.2026
2.	Starting Date of Online Registration and Choice Filling for Seat Allotment	11.11.2026
3.	Last date of Online Registration & Choice Filling for Seat Allotment	15.11.2026
4.	Issue of Provisional Seat Allotment Letter	17.11.2026
5.	Document Verification and Admission in the Concerned Institute	18.11.2026 to 23.11.2026

4. अभ्यर्थियों द्वारा संस्थान/संस्थानों को अपनी प्राथमिकता के अनुसार पर्षद के वेबसाईट पर उपलब्ध **"Click here for All Online Counselling-JCECEB 2026" Link** में **Click** कर दिये गये दिशा–निर्देशों का अनुसरण करते हुए विकल्पों को भरा जाना है। विकल्पों को चयन करने की संख्या पर कोई प्रतिबंध नहीं है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे सीटों के आवंटन हेतु अधिक से अधिक विकल्पों का चयन करें।

5. **साक्षात्कार शुल्कः**— अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार शुल्क, Payment Gateway के माध्यम से Credit Card/Debit Card/Net Banking/UPI के द्वारा निम्न तालिका के अनुसार भुगतान किया जाना है जो अप्रतिदेय (Non-refundable) होगा :—

Sl.No.	Category	Counselling Fee
1.	General/EWS/BC-I/BC-II	Rs. 400.00
2.	SC/ST/Female Candidate of all Categories	Rs. 250.00

6. अंतिम चक्र साक्षात्कार में आरक्षित सीटों के विरूद्ध अभ्यर्थियों की अनुपलब्धता की स्थिति में आरक्षित सीटों का विनियमन कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के ज्ञापांक—14/आ0नी0—04—02/2019का0—1434/राँची दिनांक—15.02.2019 द्वारा निर्गत संकल्प के अनुसार किया जायेगा।

विज्ञापन संख्या : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰/01/26 — 08 दिनांक—24.02.2026 में निहित शेष नियम एवं शर्त्तें यथावत् रहेंगी।

परीक्षा नियंत्रक के आदेश से,

06/11/26.

(विशेष कार्य पदाधिकारी)